# एम एन जे इंस्टीट्यूट ऑफ ऑन्कोलॉजी अण्ड रीजनल कैंसर सेंटर, हैदराबाद में मालेक्यूलार ऑन्कोलॉजी लेबोरेटरी का उद्घाटन







भारत डायनमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने अपनी नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के अंतर्गत, एम एन जे इंस्टीट्यूट ऑफ ऑन्कोलॉजी अण्ड रीजनल कैंसर सेंटर, रेड हिल्स, हैदराबाद में मालेक्यूलार ऑन्कोलॉजी लेबोरेटरी की स्थापना के लिए योगदान दिया है ।

कमोडोर ए माधवाराव (से.नि.), अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बीडीएल ने इस प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर डॉ. एन जयलता, निदेशक, एम एन जे इंस्टीट्यूट ऑफ ऑन्कोलॉजी अण्ड रीजनल कैंसर सेंटर, श्री एन सत्यनारायण, प्रधान (मा.सं.) बीडीएल तथा बी डी एल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी सहित एन जे इंस्टीट्यूट ऑफ ऑन्कोलॉजी अण्ड रीजनल कैंसर सेंटर के डॉक्टर व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

इस प्रयोगशाला में ल्यूकेमिया, लिम्फोमा और ट्यूमर से जुड़ी सामान्य आनुवंशिक बीमारियों के परीक्षण की सुविधाएँ मौजूद हैं।

बीडीएल की इस सी एस आर पहल का उद्देश्य गरीबी रेखा से नीचे के रोगियों के लिए ल्यूकेमिया, लिम्फोमा और ट्यूमर से जुड़ी बीमारियों का परीक्षण किफायती दाम पर प्रदान करना है।

**---XXX---**